Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 14-03-2006
Participants : Shandil Dr. (Col.) Dhani Ram

>

Title : Need to construct Kalka by-pass in Himachal Pradesh on priority basis.

डॉ. कर्नल (सेवानिवृत्त) धनीराम शांडिल्य (शिमला) : हिमाचल प्रदेश में शिमला-कालका सड़क राट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक है, क्योंकि राजधानी शिमला को यही जोडता है। इस मार्ग द्वारा जहां सीमावर्ती क्षेत्रों को सेना के जवान व सामग्री के वाहन जाते हैं, सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों में जनसाधारण, पर्यटकों का आना जाना, वी.आइ.पी वाहनों का आना जाना भी इसी मार्ग पर होता है1 कृाि-उत्पादन, सब्जियां व विशेाकर सेब व आलू से लदे बडे ट्रकों को भी इसी मार्ग का इस्तेमाल करना पडता है।

महोदय, सबसे बड़ी परेशानी तब होती है जबकि कालका से सूरजपुर के बीच वाले भाग में एक साथ बहुत सी गाडियों का जमघट इकट्ठा हो जाता है और स्थिति यहां तक खराब हो जाती है कि घंटों तक दूसरे किनारे तक निकलना मुश्किल हो जाता है।

मान्यवर, इस स्थिति से निपटने का एक ही समाधान है कि कालका बाइपास का निर्माण इस प्रकार से हो कि सूरजपुर के पास से एक सड़क निकाल कर कौशल्या नदी के साथ साथ परवाणु के पास कालका-शिमला राजमार्ग पर मिला दी जाये।

महोदय, मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध होगा कि राट्रीय राजमार्ग-22 के महत्व व व्यापक जनहित में कालका बाइपास का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र आरंभ किया जाये।